भर्ती हेतु सूचना

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी, बिहार की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

पदः	**परामर्शदाता – परामर्शदाता आयुष्मान भारत – स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (कार्यक्रम प्रबंध)**
इकाईः	राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी, बिहार
पदों की संख्याः	एक
किसको रिपोर्ट करेंगेः	राज्य नोडल अधिकारी– आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र
कार्य स्थलः	पटना, बिहार
कार्य का संक्षिप्तः विवरणः	परामर्शदाता मुख्य रूप से आयुष्मान भारत के अधीन स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों के प्रभावी कार्यक्रम प्रबंध के लिए उत्तरदायी होगा।
प्रमुख दायित्वः	1. राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी, बिहार और जिला स्वास्थ्य पदाधिकारियों को यथावश्यक व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) और स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों के लिए नीतिगत एवं कार्यान्वयन सहयोग प्रदान करना। 2. वित्त वर्ष 2022 तक सभी पीएचसी और एसएचसी का एचडब्ल्यूसी में उन्नयन करने के लिए जिलों, ब्लॉकों एवं स्वास्थ्य केंद्रों की पहचान करने के लिए गहन योजना बनाना और वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाएं बनाने में एसएचएस को सहयोग करना। 3. सीपीएचसी के लिए आवश्यक जानकारी से संबंधित परिवर्तन प्रबंध और एचडब्ल्यूसी के कार्यान्वयन के लिए रणनीतियों को लागू करने में क्षमता निर्माण और तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से एसएचएस/डीएचएस/ब्लॉक टीमों का सहयोग करना। 4. कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने, कार्यान्वयन चुनौतियों की पहचान करने और उचित समाधान हेतु एसएचएस/डीएचएस का सहयोग करने के लिए जिलों के आवधिक फील्ड दौरे करना। 5. एचडब्ल्यूसी पोर्टल, सीपीएचसी आईटी एप्लीकेशन में सूचना का अद्यतन होना सुनिश्चित करना, और कार्यक्रम की प्रगति दर्ज करने के लिए एचडब्ल्यूसी की सेवा प्रदायगी रिपोर्टों का रखरखाव करना। 6. भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, बुनियादे ढांचे, सिविल मरम्मत का कमी विश्लेषण, और एचडब्ल्यूसी के कार्यान्वयन के लिए उपकरण एवं रसद पर विश्लेषणात्मक रिपोर्टें तैयार करने में एसएचएस का सहयोग करना। 7. एचडब्ल्यूसी के लिए जानकारी एवं साक्ष्य जुटाने में तकनीकी सहयोग संगठनों, यदि कोई हों, के साथ समन्वय करना। 8. जिलों के भीतर सर्वोत्तम प्रथाओं एवं नवाचारों की पहचान करना और इनके दस्तावेजीकरण तथा सीपीएचसी का कार्यान्वयन करने वाले अन्य राज्यों/जिलों में प्रचार–प्रसार के लिए इन्हें नवाचार पोर्टल पर अपलोड करने में एसएचएस का सहयोग करना। 9. कार्यक्रम सहयोग एवं कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र के साथ गहन समन्वय में कार्य करना। 10. स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों के राज्य नोडल अधिकारी और एनएचएम के मिशन निदेशक द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।
योग्यता एवं अनुभव	**अनिवार्यः** • जन स्वास्थ्य या समकक्ष में स्नातकोत्तर उपाधि सहित एमबीबीएस/बीडीएस उपाधि। • जन स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों में कार्य करने का न्यूनतम 3–4 वर्षों का अनुभव वांछनीय है।
कौशल एवं दक्षता	• सरकारी नीतियों, संरचना और प्रक्रियाओं की अच्छी समझ। • सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के डिजाइन, योजना निर्माण, निगरानी और तत्संबंधी समस्या समाधान का कौशल। • राज्य/जिला स्वास्थ्य टीमों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने का अनुभव। • दस्तावेजीकरण कौशल और विश्लेषणात्मक रिपोर्टें एवं कार्यक्रम के संक्षिप्त ब्यौरे तैयार करने की योग्यता। • उत्कृष्ट संप्रेषण, समन्वय और प्रस्तुति कौशल। • एनएचएम से संबंधित बजट तैयार करने संसाधन आवंटन प्रक्रियाओं का अच्छा ज्ञान। • माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस में अच्छा कौशल।
आयु	• अधिकतम आयु : महिलाओं के लिए 40 वर्ष और पुरुषों के लिए 37 वर्ष – आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को।
पारिश्रमिक	• आरओपी 2018–19 अनुमोदन के अनुसार 75,000/रु. प्रतिमाह तक, अनुभव के अध्यधीन।
आवेदन करने के लिए	अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **2-Feb-2019 तक** shsb.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।